Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Geography

Simplifying Government Exams

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS | SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA | SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET | CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

| J | 8 | 0 | 1 | 2 |
|---|---|---|---|---|

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The normal cycle of erosion is associated with
(A) Marine Erosion
(B) Wind Erosion
(C) River Erosion
(D) Glacial Erosion

**2.** Which among the following is one of the forces responsible for continental drift according to Wegner ?
(A) Tidal force
(B) Convection currents
(C) Tensional force
(D) Compressional force

**3.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Kettle | 1. Small mountain lake occupying a cirque |
| II. Tarn | 2. Low winding glacio – Alluvial ridge |
| III. Esker | 3. Oval or elliptical hill of glacial till |
| IV. Drumlin | 4. Deep depression usually situated along the moraine belt |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**4.** Most of the details of world's topography belongs to the
(A) Pre-cambrian era
(B) Paleozoic era
(C) Mesozoic era
(D) Cenozoic era

**5.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I (Rivers) | List – II (Tributaries) |
|---|---|
| a. Krishna | 1. Chambal |
| b. Brahmaputra | 2. Indravati |
| c. Godavari | 3. Tista |
| d. Yamuna | 4. Bhima |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**6.** Air movement in the troposphere is caused by
(A) Solar wind
(B) Convective current
(C) Gravitational force
(D) Air pressure



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अपरदन का सामान्य चक्र किससे संबन्धित है ?

(A) सागरीय अपरदन

(B) पवन अपरदन

(C) नदीय अपरदन

(D) हिम नदीय अपरदन

**2.** वेगनर के अनुसार, महाद्वीपीय विस्थापन के लिये निम्नांकित में से कौन सा बल/शक्ति उत्तरदायी है ?

(A) ज्वारीय बल

(B) संवहन धारायें

(C) तनाव बल

(D) दबाव बल

**3.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. केटिल | 1. सर्क पर निवास करनेवाला लघु पर्वत-सरोवर |
| II. टार्न | 2. निम्न विसर्पी हिमानी - जलोढ़ कटक |
| III. एस्कर | 3. हिम – गोलाश्म मृत्तिका की अंडाकार या दीर्घवृत्ताकार पहाड़ी |
| IV. ड्रमलिन | 4. प्राय: हिमोढ़ पट्टी के साथ–साथ स्थित गहन गर्त |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**4.** विश्व की स्थलाकृति का अधिकांश भाग निम्नलिखित युग का है :

(A) कैम्ब्रियन-पूर्व महाकल्प

(B) पुराजीवी महाकल्प

(C) मध्यजीवी महाकल्प

(D) नवजीव महाकल्प

**5.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I (नदी)** | **सूची – II (सहायक नदियाँ)** |
|---|---|
| a. कृष्णा | 1. चम्बल |
| b. ब्रह्मपुत्र | 2. इन्द्रावती |
| c. गोदावरी | 3. तिस्ता |
| d. यमुना | 4. भीमा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**6.** क्षोभमंडल में वायु में गति (संचलन) निम्नलिखित के द्वारा होती है :

(A) सौर पवन

(B) संवहन धारा

(C) गुरुत्वाकर्षण बल

(D) वायु - दाब



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

7. The unit of air pressure measurement is

(A) Degree

(B) Isobars

(C) Metres per second

(D) Hecta Pascal

8. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Ferrel cell | 1. Doldrums |
| II. Hadley cell | 2. Easterlies |
| III. Polar cell | 3. Westerlies |
| IV. Intertropical convergence zone | 4. Trade winds |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

9. Which one of the following is not a mechanism of energy transfer ?

(A) Conduction

(B) Advection

(C) Radiation

(D) Ablation

10. Given below are the two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Stable air resists vertical movement and unstable air ascends freely because of its own buoyancy.

**Reason (R) :** When stable air is forced aloft the clouds that form are widespread and have little vertical thickness.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) (A) is correct but (R) is wrong.

(B) (A) is wrong but (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct.

(D) Both (A) and (R) are wrong.

11. The cold current flowing along the coast of Chile and Peru is known as

(A) Agulhas

(B) EL-Nino

(C) Humbolt

(D) Canary

12. The average difference in the water level between high tide and low tide at a place is referred to as :

(A) Tidal bore

(B) Tidal period

(C) Tidal range

(D) Tidal wave



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**7.** वायु दाब के माप की इकाई है :

(A) डिग्री

(B) समदाब रेखा

(C) मीटर प्रति सेकन्ड

(D) हेक्टा – पास्कल

**8.** सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. फेरल सेल | 1. निर्वात प्रदेश |
| II. हेडली सेल | 2. पूर्वी पवन |
| III. पोलर सेल | 3. पश्चिमी पवन |
| IV. अंत: उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र | 4. व्यापारिक वायु |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**9.** ऊर्जा स्थानांतरण की निम्नलिखित में से कौन सी क्रियाविधि नहीं है ?

(A) चालन

(B) अभिवहन

(C) विकिरण

(D) अपक्षरण

**10.** नीचे दो कथन दिये गये हैं एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**अभिकथन** (A) : स्थिर वायु ऊर्ध्वाकार संचलन (गति) को रोकती है और अस्थिर वायु अपने स्वयं के उत्प्लावन के कारण अपने आप ही ऊपर चढ़ती है ।

**कारण** (R) : जब स्थिर वायु पर ऊपर उठने के लिये ज़ोर पड़ता है, तो जो बादल बनते हैं वे व्यापक होते हैं और उनकी ऊर्ध्वाधर मोटाई कम होती है ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**11.** चिली तथा पीरु के तट के सहारे चलने वाली शीत धारा का नाम है :

(A) अगुलहास

(B) एल - नीनो

(C) हम्बोल्ट

(D) कैनारी

**12.** उच्च ज्वार तथा निम्न ज्वार के बीच जल स्तर में औसत अन्तर को कहा जाता है :

(A) ज्वारीय वेधन

(B) ज्वारीय अवधि

(C) ज्वारीय रेन्ज

(D) ज्वारीय लहर



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**13.** Domestication of plants and animals was started in

(A) Paleolithic period

(B) Mesolithic period

(C) Neolithic period

(D) Pre-paleolithic period

**14.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Autotrophs : Take energy from inorganic sources and fix it into energy rich organic compound

(B) Heterotrophs : Obtain their energy from living organism

(C) Herbivores : Organisms that consume plants and animals

(D) Detrivores : Obtain their energy from dead organism

**15.** Flat topped sea mounts are known as

(A) Shoals

(B) Reefs

(C) Guyots

(D) Banks

**16.** Which one of the following pairs does not match correctly ?

(A) P. Haggett : Geography : A modern synthesis

(B) P. E. James : All possible worlds

(C) G. P. Marsh : Explanation in Geography

(D) Abler, Adams & Gould : Spatial organisation

**17.** Which one of the following statements is not correct ?

(A) The concept of areal differentiation is related with ideographic approach.

(B) The concept of areal differentiation is related with nomothetic approach.

(C) The exponent of the concept of areal differentiation was Richard Hartshorne.

(D) The concept of areal differentiation is related with chorology.

**18.** 'The same environment carries different meanings to people with different ways of living and culture'. This statement is related with the concept of

(A) Determinism

(B) Stop – and – go determinism

(C) Probabilism

(D) Possibilism



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**13.** पौधों एवं पशुओं का ग्राम्यन किस युग में प्रारम्भ हुआ ?

(A) पुरापाषाण काल

(B) मध्यपाषाण काल

(C) नवपाषाण काल

(D) पुरापाषाण - पूर्व काल

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है :

(A) स्वपोषी : अजैव स्रोतों से उर्जा लेते हैं और उसे उर्जा सम्पन्न जैव मिश्रण में जमा देते हैं ।

(B) विषमपोषी : जीवित जीवों से अपनी उर्जा प्राप्त करते हैं ।

(C) शाकाहारी : वो जीव जो पौधे तथा पशुओं का भोग करते हैं ।

(D) मृत भक्षी : मृत जीवों से अपनी उर्जा प्राप्त करते हैं ।

**15.** समुद्री टीला जिसका सपाट शिखर है किस नाम से जाना जाता है ?

(A) शोल

(B) भित्ति

(C) निमग्न द्वीप (गुयाट)

(D) किनारा

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) पी. हैगेट : जियोग्राफी ए मॉडर्न सिनथीसिस

(B) पी. ई. जेम्स : ऑल पॉसिबल वल्ड्र्स

(C) जी. पी. मार्श : एक्सप्लॅनेशन इन जिओग्राफी

(D) एबलर, एड्म्स एवं गुल्ड : स्पेशियल ऑर्गनाइजेशन

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) क्षेत्रीय विभेदन की अवधारणा वर्णनात्मक (इडिओग्राफिक) उपागम से सम्बन्धित है ।

(B) क्षेत्रीय विभेदन की अवधारणा नॉमोथेटिक (विश्लेषणात्मक) उपागम से सम्बन्धित है ।

(C) क्षेत्रीय विभेदन की अवधारणा के प्रतिपादक रिचर्ड हार्टशोर्न थे ।

(D) क्षेत्रीय विभेदन की अवधारणा कोरोलॉजी से सम्बन्धित है ।

**18.** 'एक ही प्रकार का वातावरण जीवनयापन या संस्कृति के भिन्न तरीकों के लोगों के लिये भिन्न अर्थ रखता है ।' यह कथन निम्नलिखित की अवधारणा से सम्बन्धित है :

(A) निश्चयवाद

(B) रुको – और – जाओ निश्चयवाद

(C) संभाव्यवाद

(D) संभववाद



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**19.** Who among the following emphasized on the behavioural environment in Geography ?

(A) Burton

(B) Gregory

(C) Kirk

(D) Johnston

**20.** Who defined Geography as human ecology ?

(A) Schaefer

(B) Hartshorne

(C) Richthofen

(D) Barrows

**21.** Which one of the following metropolitan cities has registered the largest population in 2011 census ?

(A) Chennai

(B) Delhi

(C) Kolkata

(D) Mumbai

**22.** Which of the following States in India is passing through the stage of Demographic Transition which entails low fertility and low mortality ?

(A) Assam

(B) Haryana

(C) Punjab

(D) Tamilnadu

**23.** Which one of the following is the important factor in Rural out – migration in India ?

(A) Agricultural inefficiency

(B) Population growth

(C) Lack of Basic services in rural areas

(D) Unemployment

**24.** The 'Range of a Good' refers to

(A) The maximum distance which people have to travel to purchase a good or service.

(B) The variety of goods available at a market place.

(C) The maximum demand to make the service or good viable.

(D) The maximum population necessary for survival of a function.

**25.** The 'Administrative Principle' in Christaller's 'Central Place Theory' refers to

(A) K = 3

(B) K = 4

(C) K = 7

(D) K = 9

**26.** Which one of the following may be categorised as footloose industry ?

(A) Cement

(B) Ship building

(C) Electronic components

(D) Cotton textile



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

19. निम्नलिखित में से किसने भूगोल में व्यवहारवादी वातावरण पर ज़ोर दिया है ?

(A) बर्टन

(B) ग्रेगरी

(C) कर्क

(D) जॉन्सटन

20. भूगोल को मानव पारिस्थितिकी विज्ञान के रूप में किसने परिभाषित किया है ?

(A) शेफ़र

(B) हार्टशॉर्न

(C) रिचथोफेन

(D) बैरोज़

21. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित महानगरों में से किसमें सबसे अधिक जनसंख्या दर्ज की गई ?

(A) चेन्नई

(B) दिल्ली

(C) कोलकाता

(D) मुम्बई

22. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा राज्य जनसांख्यिकीय संक्रमण की अवस्था से गुजर रहा है जिस दौरान निम्न प्रजनन और निम्न मृत्यु दर रहती है ?

(A) आसाम

(B) हरियाणा

(C) पंजाब

(D) तमिलनाडु

23. निम्नलिखित में से कौन सा भारत में ग्रामीण बहिर्प्रवास का महत्त्वपूर्ण कारक है ?

(A) कृषि अक्षमता

(B) जनसंख्या वृद्धि

(C) ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सेवाओं का अभाव

(D) बेरोजगारी

24. 'वस्तु की विस्तार सीमा' किसका संकेत करती है ?

(A) वस्तु या सेवा खरीदने के लिये लोगों को जो अधिकतम दूरी तय करनी पड़ती है ।

(B) बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की विविधता

(C) सेवा या वस्तु को व्यवहारपरक बनाने के लिये अधिकतम माँग

(D) कार्य के निर्वहन के लिये आवश्यक अधिकतम जनसंख्या

25. क्रिस्टॉलर के 'केन्द्रीय स्थान सिद्धान्त' में 'प्रशासनिक नियम' क्या संकेत करता है ?

(A) $K = 3$

(B) $K = 4$

(C) $K = 7$

(D) $K = 9$

26. निम्नलिखित में से किसे स्वछन्द उद्योग के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(A) सीमेन्ट

(B) जहाज निर्माण

(C) इलेक्ट्रोनिक पुर्जे

(D) सूती वस्त्र



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

27. Gross Cultivated Area divided by Net Sown Area is known as

(A) Agricultural efficiency

(B) Crop diversification

(C) Crop concentration

(D) Crop intensity

28. The theory of least cost location was proposed by

(A) Losch

(B) Isard

(C) Dicey

(D) Weber

29. The intensive cultivation of vegetables, fruits and flowers in the periphery of cities in USA is called

(A) Truck farming

(B) Factory farming

(C) Market gardening

(D) Agri – farming

30. Why are steel mills within Japan drawn to coastal locations ?

(A) Nearness to iron ore reserves

(B) Nearness to local markets

(C) Availability of cheap labour

(D) To minimise transportation cost for imported raw materials and steel exports

31. Which one of the following criteria is not used for the classification of human races ?

(A) Eye

(B) Nose

(C) Ear

(D) Hair

32. Match the following tribes and their habitats :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Khirgiz | 1. | Central Asia |
| b. | Yakuts | 2. | Siberia |
| c. | Lapps | 3. | Scandinavia |
| d. | Eskimos | 4. | Canada |

**Codes :**

(A) a – 1, b – 3, c – 2, d – 4

(B) a – 4, b –2, c – 3, d – 1

(C) a – 2, b –1, c – 3, d – 4

(D) a – 1, b – 2, c – 3, d – 4

33. Which of the following statements is **not** true about a State ?

(A) It has a territorial base.

(B) It always has a social or cultural base.

(C) It claims internal sovereignty.

(D) It claims sovereignty in external relations.

34. Which of the following languages does not belong to the Dravidian family ?

(A) Sinhalese

(B) Brahui

(C) Kannada

(D) Malayalam



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**27.** नेट बोया क्षेत्र द्वारा विभाजित सकल बोया क्षेत्र क्या कहलाता है ?

(A) कृषिक क्षमता

(B) फसल विविधीकरण

(C) फसल केन्द्रीयकरण

(D) फसल गहनता

**28.** न्यूनतम लागत अवस्थिति के सिद्धान्त का प्रस्ताव किसने रखा था ?

(A) लॉश

(B) आइसार्ड

(C) डाइसी

(D) वेबर

**29.** स. रा. अमेरिका में नगरों के उपान्त में सब्जियों, फलों तथा फूलों की गहन खेती कहलाती है :

(A) ट्रक फार्मिंग

(B) फैक्टरी फार्मिंग

(C) मार्केट गार्डनिंग

(D) एग्रि - फार्मिंग

**30.** जापान में इस्पात मिलें तटीय स्थानों की ओर क्यों स्थापित की जाती हैं ?

(A) लौह अयस्क भंडारों की समीपता

(B) स्थानीय बाजारों की समीपता

(C) सस्ते श्रम की उपलब्धता

(D) आयातित कच्चे माल तथा इस्पात निर्यातों की परिवहन लागत न्यूनतम करना

**31.** मानव प्रजातियों के वर्गीकरण के लिये निम्नलिखित में किस कसौटी का उपयोग किया नहीं जाता है ?

(A) नेत्र

(B) नासिका

(C) कान

(D) केश

**32.** निम्नलिखित जनजातियों और उनके पर्यावास को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | खिरगिज़ | 1. | सेन्ट्रल एशिया |
| b. | याकूत | 2. | साइबेरिया |
| c. | लैप्स | 3. | स्कैंडिनेविया |
| d. | एस्किमो | 4. | कनाडा |

**कूट :**

(A) a – 1, b – 3, c – 2, d – 4

(B) a – 4, b –2, c – 3, d – 1

(C) a – 2, b –1, c – 3, d – 4

(D) a – 1, b – 2, c – 3, d – 4

**33.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन राज्य के बारे में सत्य नहीं है ?

(A) उसका प्रादेशिक आधार है

(B) उसका हमेशा सामाजिक या सांस्कृतिक आधार होता है ।

(C) वह आंतरिक प्रभुसत्ता सम्पन्न होता है ।

(D) वह बाह्य सम्बन्धों में प्रभुसत्ता सम्पन्न होता है ।

**34.** निम्नलिखित में से कौन सी भाषा द्रविड़ कुल की नहीं है ?

(A) सिंहली

(B) ब्राहुई

(C) कन्नड़

(D) मलयालम



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**35.** The habitat of the Toda tribe is

(A) Aravalli range

(B) Siwalik range

(C) Kaimur range

(D) Nilgiri hills

**36.** Which one of the following indicators is most commonly used to measure the economic development of a country ?

(A) Infant mortality rate

(B) Availability of potable water

(C) Female literacy

(D) Gross National Product per capita

**37.** Which of the following matches is not correct ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) Myrdal | : | Cumulative causation model |
| (B) Friedmann | : | Core–periphery model |
| (C) Boudville | : | Transport model |
| (D) Frank | : | Dependency model |

**38.** Who among the following formalized the concept that there exists relationship between the spatial organisation and national development ?

(A) Luten

(B) Dickens

(C) Kuklinski

(D) Friedmann

**39.** Which of the following sequences of the stages of economic growth according to Rostow's model is correct ?

(A) Traditional society, drive to maturity, take off, high mass consumption

(B) Traditional society, take off, drive to maturity, high mass consumption

(C) Traditional society, take off, high mass consumption, drive to maturity

(D) Traditional society, drive to maturity, high mass consumption, take off

**40.** Which one of the following is a 'Formal' Region ?

(A) Delhi metropolitan region

(B) Hyderabad – Secunderabad region

(C) Delhi – Jaipur – Agra Triangle

(D) Assam – Valley

**41.** Between 2001 and 2011, the sex-ratio (Females per thousand males) has

(A) increased by 5 to 10

(B) decreased by 5 to 10

(C) remained constant

(D) increased by less than 5



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**35.** टोडा जनजाति का आवास है :

(A) अरावली श्रेणी

(B) शिवालिक श्रेणी

(C) कैमूर श्रेणी

(D) नीलगिरी श्रेणी

**36.** देश का आर्थिक विकास मापने के लिये निम्नलिखित में से किस सूचक का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है ?

(A) शिशु मृत्यु-दर

(B) पेय जल की उपलब्धता

(C) महिला साक्षरता

(D) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) मिर्डल : संचयी कार्यकारण मॉडल

(B) फ्रीडमैन : सारभाग-परिधि (या उपान्त) मॉडल

(C) बूढ़विल : परिवहन मॉडल

(D) फ्रैंक : पराश्रयता मॉडल

**38.** निम्नलिखित में से किसने इस अवधारणा को औपचारिक रूप दिया कि स्थानिक संगठन तथा राष्ट्रीय विकास के बीच सम्बन्ध विद्यमान है ?

(A) ल्यूटन

(B) डिकेन्स

(C) कुकलिंस्की

(D) फ्रीडमैन

**39.** रोस्टोव के मॉडल के अनुसार आर्थिक संवृद्धि की अवस्थाओं का कौन सा अनुक्रम निम्नलिखित में सही है ?

(A) पारम्परिक समाज, परिपक्वता की ओर, उत्प्रस्थान, अधिक जन उपभोग

(B) पारम्परिक समाज, उत्प्रस्थान, परिपक्वता की ओर, अधिक जन उपभोग

(C) पारम्परिक समाज, उत्प्रस्थान, अधिक जन उपभोग, परिपक्वता की ओर

(D) पारम्परिक समाज, परिपक्वता की ओर, अधिक जन उपभोग, उत्प्रस्थान

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र 'आकारी' (समांगी) क्षेत्र है ?

(A) दिल्ली महानगर क्षेत्र

(B) हैदराबाद - सिकन्दराबाद क्षेत्र

(C) दिल्ली - जयपुर - आगरा त्रिकोण

(D) आसाम – घाटी

**41.** 2001 से 2011 के बीच, लिंग - अनुपात (प्रति हजार पुरुष स्त्रियाँ) में :

(A) 5 से 10 की वृद्धि हुई

(B) 5 से 10 की कमी आई

(C) स्थिर रहा

(D) 5 से कम की वृद्धि हुई



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**42.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Mineral)** | | **List – II (Mines)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Copper | 1. | Kudremukh |
| b. | Iron ore | 2. | Balaghat |
| c. | Manganese | 3. | Kodarma |
| d. | Mica | 4. | Khetri |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**43.** In India, mangrove is the most important tree of

(A) Tropical moist deciduous forests

(B) Tidal forests

(C) Tropical dry deciduous forests

(D) Sub–tropical moist forests

**44.** Which one of the following does not match correctly ?

(A) Vishakha-patnam - Ship building

(B) Titlagarh - Railway equipment

(C) Bhadravati - Iron & Steel

(D) Pinjore - Machine Tools

**45.** In which of the following Decades, India experienced highest percentage of decadal growth ?

(A) 1951-61

(B) 1961-71

(C) 1971-81

(D) 1981-91

**46.** Which one of the following is most appropriate for showing frequency distribution ?

(A) Bar graph

(B) Histogram

(C) Pie diagram

(D) Line graph

**47.** Which one of the following is commonly used for computing the average value of river discharge ?

(A) Arithmetic mean

(B) Geometric mean

(C) Harmonic mean

(D) Weighted mean

**48.** Which one of the following $R_n$ values shows the random pattern of point distribution ?

(A) 0

(B) 1.0

(C) 1.35

(D) 2.14

**49.** Which one of the following sampling techniques is most suitable for selection of representative villages of an area with diversified geographical features ?

(A) Systematic

(B) Stratified – random

(C) Random

(D) Clustered

**50.** In which one of the following methods interpolation is used ?

(A) Choroschematic

(B) Chorochromatic

(C) Isopleth

(D) Choropleth



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**42.** सूची – I तथा सूची – II को सुमेलित कीजिये तथा निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची – I** **(खनिज)** | | **सूची – II** **(खनन क्षेत्र)** |
|---|---|---|---|
| a. | ताँबा | 1. | कुद्रेमुख |
| b. | लौह अयस्क | 2. | बालाघाट |
| c. | मैंगनीज | 3. | कोडर्मा |
| d. | अभ्रक | 4. | खेतड़ी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**43.** भारत में मैंग्रोव निम्नांकित में से किसका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वृक्ष है ?

(A) उष्ण–कटिबंधीय आर्द्र पतझड़ी वन
(B) ज्वारीय वन
(C) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी वन
(D) उपोष्ण आर्द्र वन

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) विशाखापट्नम : जहाज निर्माण
(B) टिटलागढ़ : रेलवे उपकरण
(C) भद्रावती : लौह एवं इस्पात
(D) पिंजौर : मशीन औजार

**45.** अधिकतम प्रतिशत की दशकीय वृद्धि किस दशक में हुई ?

(A) 1951 – 61
(B) 1961 – 71
(C) 1971 – 81
(D) 1981 – 91

**46.** आवृत्ति वितरण दर्शाने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) दंड आरेख
(B) आयत चित्र
(C) पाई आरेख
(D) रेखा ग्राफ

**47.** नदीय उन्मोचन के औसत मान की परिगणना करने के लिये निम्नलिखित में से किसका सामान्यतया उपयोग किया जाता है ?

(A) गणितीय माध्य
(B) ज्यामितीय माध्य
(C) हरात्मक माध्य
(D) भारित माध्य

**48.** निम्नलिखित $R_n$ मूल्यों में से कौन सा बिन्दु वितरण का यादृच्छिक प्रतिरूप दर्शाता है ?

(A) 0
(B) 1.0
(C) 1.35
(D) 2.14

**49.** विविध भौगोलिक विशेषताओं से युक्त क्षेत्र के प्रतिनिधि गावों के चयन हेतु सर्वाधिक उपयुक्त प्रतिचयन तकनीक कौन सी है ?

(A) व्यवस्थित
(B) स्तरित-यादृच्छिक
(C) यादृच्छिक
(D) गुच्छित

**50.** निम्नलिखित पद्धतियों में से किसमें अन्तर्वेशन का उपयोग किया जाता है ?

(A) वर्णप्रतीकी
(B) वर्णवर्णकता (कोरोक्रोमैटिक)
(C) सममान
(D) वर्णमात्री



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in